दैनिक
न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, गुरूवार 07 मार्च 2019
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### चेंबर द्वारा नवनिर्वाचित विधायकों का सम्मान समारोह स्थगित

रायगढ़ (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज रायगढ़ इकाई द्वारा आगामी 7 मार्च दिन गुरुवार को शाम 4:00 बजे स्थानीय अग्रोहा भवन में रायगढ़ जिले के नवनिर्वाचित पांचों विधानसभा के माननीय विधायकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया था जो कि अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल महामंत्री हीरा मोटवानी ने बताया कि माननीय मंत्री एवं विधायक गण के किन्ही अन्य कार्यक्रमों में व्यस्तता के कारण कार्यक्रम स्थगित किया गया है।

### तीन लोगों की असामायिक मृत्यु

रायगढ़ (आरएनएस)। रायगढ़ अनुविभाग अंतर्गत तीन लोगों की प्राकृतिक आपदा के तहत असामायिक मृत्यु होने पर उनके परिजनों को एसडीएम रायगढ़ की अनुशंसा पर राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत 4-4 लाख रुपए की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### छह साल पहले इस्तीफा देने वाले पटवारी को फिर दे दी नौकरी


रायगढ़ । जिले में 6 साल पहले इस्तीफा देने वाले पटवारी को फिर से नौकरी दे दी गई है। नटवरपुर में आदिवासी जमीन के एक मामले में निलंबित हुए पटवारी पवन चौहान ने जांच के दौरान ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया था लेकिन कोर्ट के आदेश के बाद इस्तीफा स्वीकार नहीं करने की बात कहकर विभाग ने भी पटवारी को मनचाही जगह में पोस्टिंग दे दी है। राजस्व एवं भू-अभिलेख विभाग रायगढ़ में एक अनोखा मामला सामने आया है। नौकरी छोड़ने के 6 साल बाद अब पूर्व में निलंबित हुए पटवारी को फिर से सरकारी कुर्सी दे दी गई है। दरअसल जिले में पूर्व में पटवारी के पद में पदस्थ रहे पवन चौहान का नाम आदिवासी जमीन खरीदी बिक्री के मामले में सामने आया था। शहर से लगे आदिवासी गांव नटवरपुर में हुए इस जमीन घोटाले में तत्कालीन कलेक्टर ने पटवारी पवन चौहान को सस्पेंड कर दिया था । इस मामले में कलेक्टर कोर्ट में सुनवाई चल रही थी। इसी बीच पटवारी पवन चौहान ने 20 फरवरी 2013 को इस्तीफा दे दिया था। लेकिन हाईकोर्ट से राहत मिलने के बाद पूर्व पटवारी पवन चौहान ने दोबारा से सरकारी कुर्सी पाने के लिए अपने राजनैतिक संबंधों का फायदा उठाया और राजधानी रायपुर में जाकर अर्जी लगाकर सारंगढ़ में पटवारियों के रिक्त पदों का हवाला देकर उसे फिर से सेवा में लेने के लिए आवेदन दे दिया। पटवारी के इस आवेदन पर राज्य सरकार ने भी जिला प्रशासन से उक्त मामले में अभ्यावेदन मांगा था लेकिन प्रशासन ने हाईकोर्ट के आदेश से डरकर पटवारी के लिए नौकरी का रास्ता तैयार कर दिया और उसे सारंगढ़ में ही पोस्टिंग दे दी गई है।

### शहर के अलग-अलग स्थानों से चोरी गई पांच एक्टिवा वाहन बाल अपचारी से बरामद

रायगढ़। शहर के अलग-अलग हिस्से में पिछले कुछ दिनों से लगातार मोटरसाइकिल चोरी होने की वारदात सामने आ रही थी जिसमें चोरों द्वारा फिर भीड़ भाड़ बाजार, माल एवं अन्य स्थानों से एक्टिवा बाइक को चोरी कर ओने पौने दाम पर खपाने की फिराक कर रहे एक नाबालिग अपचारी बालक को कोतवाली पुलिस ने हिरासत में लिया है जिसके कब्जे से पांच एक्टिवा बाइक बरामद की गई है । पूछताछ में अपचारी बालक ने शहर के विभिन्न स्थानों से बाइक चोरी करना कबूल किया है।

# परीक्षा से 16 घंटे पहले बदला टाईम टेबल, वाट्सएप पर जारी की सूचना

रायगढ़। जिले में बुधवार से होने वाली 9 वीं व 11 वीं की परीक्षा के लिए डीपीआई से परमिशन नहीं ली गई थी। टाइम टेबल को लेकर आपत्ति हुई तो शिक्षा विभाग ने भी परीक्षा से 16 घंटे पहले आनन फानन में दोनों कक्षाओं का टाईम टेबल बदल डाला है। जिससे छात्रों के अलावा शिक्षक एवं स्कूल प्रबंधन भी असमंजस में आ गए हैं। छात्रों को समय नियोजन एवं टाईम टेबल के अनुसार पढ़ाई की सीख देने वाला शिक्षा विभाग ही अपने सिद्धांतों पर काम नहीं कर रहा है। जिले में पूर्व में विभाग ने 9 वी व 11 वी की कक्षाओं के लिए जो टाइम टेबल बनाया था।



उसके अनुसार बुधवार 6 मार्च से परीक्षाएं शुरू होनी थी और 22 मार्च तक संचालित होनी थी लेकिन इसके लिए संचालनालय को सही समय पर जानकारी नहीं भेजी गई। इधर कुछ हफ्ते पहले संचालनालय ने रायगढ़ जिले के इस टाइमटेबल पर आपत्ति जताकर सभी जिलों में एकरूपता लाने के लिए एक साथ टाईम टेबल जारी करने के निर्देश दिए थे लेकिन निर्वाचन एवं बोर्ड परीक्षा की व्यसतता बताकर शिक्षा विभाग इसे संशोधित नहीं कर सका और ना ही इसकी कोई सूचना मंगलवार शाम तक स्कूलों एवं छात्रों को दी जा सकी। बुधवार से परीक्षाएं शुरू होगी या नहीं होगी, इसके लिए इतना संदेह था कि बीइओ ने प्रश्नपत्र भी वितरित नहीं किए थे। ऐसे में जब छात्रों के साथ पालकों एवं शिक्षकों ने एक साथ जानकारी लेनी चाही तो आनन फानन में विभाग ने नया टाइम टेबल बनाया है। और शाम करीब 7 बजे इसे सभी बीइओ के मार्फत हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों को मोबाइल पर फारवर्ड किया गया है। नए टाइम टेबल के अनुसार 9 वी 11 वी की परीक्षाएं अब 9 मार्च से 26 मार्च तक संचालित होंगी।

## गणित परीक्षा में 20613 परीक्षार्थी हुए शामिल

रायगढ़ (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के द्वारा



आज हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2019 (कक्षा 10 वीं) के गणित विषय में विद्यार्थियों की कुल दर्ज संख्या 21174 थी जिनमें 20613 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 561 अनुपस्थित रहे।

## धोबी पारा और जोगिडिपा को जोड़ने वाली अधूरे पुल का पुनः हुआ भूमिपूजन

रायगढ़। लंबे समय से धोबी पारा से जोगीडीपा इंदिरानगर को जोड़ने वाली अधूरे अधूरे पुल से उक्त इलाके के रहवासियों को कई तरह के परेशानी से से गुजरना पड़ता था। यह पुल विगत 5 वषो से भी अधिक समय से अधूरे हुआ था।

जो पड़े पड़े अपने जर्जरता पर स्वयं आंसू बहा रहा त था परंतु शहर सरकार अपने कार्यकाल के अंतिम पड़ाव में होने के साथ उक्त अधूरे पुल को पूरा करने के लिए लंबे समय से प्रयासरत थी जिसमें बीते दिन टेंडर निकाला गया था वही मंगलवार को विधिवत अधूरे पुल को पुनः बनाये जाने के लिए भूमिपूजन किया गया। जिसमें दोनों वार्ड के पार्षद सभापति सलीम नियारिया नगर निगम महापौर मधुबाई, आयुक्त रमेश जयसवाल सहित आधा दर्जन पार्षद व स्थानीय लोग मौजूद थे। जिनकी दिन की मौजूदगी में वैदिक मंत्रोचार के साथ भूमिपूजन पूजन किया गया।

गौरतलब है कि पुल के लिए कई बार आंदोलन व विरोध हो चुका है।

## विजय केड़िया मीडिया मोनिटरिंग कमेटी के सदस्य नियुक्त

रायगढ़। राज्य स्तरीय अधिमान्यता प्राप्त, पीटीआई के वरिष्ठ पत्रकार विजय केडिया को लोकसभा चुनाव में पेड न्यूज और मीडिया प्रमाणन पर निगरानी रखने के उद्देश्य से गठित मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मोनिटरिंग कमेटी का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति रायगढ़ जिले के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी यशवन्त कुमार ने भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के दिशा निर्देशों के अनुरूप की है। लोकसभा निर्वाचन 2019 के दौरान पेड न्यूज के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया और सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के उद्देश्य से गठित इस 12 सदस्यीय, जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष, कलेक्टर और उप संचालक, जनसंपर्क, सचिव होंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिले के समस्त एसडीएम, केंद्र निदेशक आकाशवाणी एवं तुषार चौहान समिति के सदस्य है। यह शासकीय समिति लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी एवं राजनीतिक दलों के विज्ञापन और चुनाव प्रचार संबंधित खबरों पर निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करेगी। इसके अलावा यह एमसीएमसी कमेटी मीडिया की निष्पक्षता, चुनावी कव्हरेज, चुनावी विश्लेषण और पेड न्यूज पर इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट एवं सोशल मीडिया पर सतत नजर रखेंगी। उल्लेखनीय है कि वरिष्ठ पत्रकार श्री केडिया इससे पहेले भी, विधानसभा चुनाव 2013 और लोकसभा चुनाव 2014 मे भी पेड न्यूज पर अंकुश लगाने के लिए गठित एमसीएमसी कमेटी के अशासकीय सदस्य थे।



## महिला श्रमिकों से अभद्र व्यवहार, सरपंच व ठेकेदार ने महिलाओं को काम से निकाला



रायगढ़। रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत कार्यरत महिला श्रमिकों से अभद्र व्यवहार करने और 8 दिनों तक कार्य करवाकर सरपंच एतवार सिंह, सचिव एवं नेत्रा पटेल ठेकेदार एवं एक महिला तकनीकि सहायक के द्वारा काम से निकाल देने का मामला सामने आया है। मामले की शिकायत महिला श्रमिकों ने कलेक्टर एवं श्रम विभाग में की है। मामला शहर से लगे ग्राम पंचायत ननसियां और छुहीपाली की है। गांव की महिला श्रमिकों ने कलेक्टर से मामले की शिकायत करते हुए कहा है कि महिला श्रमिकों को रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत गांव में काम करते हैं जहां ग्राम के सरपंच एतवार सिंह, सचिव ठेकेदार नेत्रा पटेल एवं एक महिला जिसे ठेकेदार के द्वारा भेजा गया था। जहां महिला श्रमिकगण को 8 दिनों तक कार्य करवा गया और ठेकेदार के द्वारा कहा गया है कि 174 रूपए की दर से मजदूरी का भुगतान किया जायेगा रोजगार गारंटी के अंतर्गत 174 रूपये प्रतिदिन सरकारी हिसाब से दिया जाता है। 4 मार्च को भी महिला श्रमिक गण कार्य करने के लिये गये थे तो ठेकेदार सरपंच सचिव और उक्त महिला के द्वारा कहा गया कि दो महिला श्रमिक को 7 फीट लंबा, 3 फीट चौड़ा एवं 4 फीट गहरा गड्ढा खोदकर मिट्ट फेंकना है और उन्हे इस कार्य के लिए केवल एक ही दिन का रोजी दिया जाएगा। महिला श्रमिकों के द्वारा इसपर आपत्ति किये जाने पर दो महिला श्रमिक एक दिन से ज्यादा लगेगा तो भी उन्हे एक ही दिन का रोजी दिया जायेगा यह कहकर महिला श्रमिकगणों को ठेकेदार की सहायक महिला, सरपंच, सचिव के द्वारा भगा दिया गया है और कहा गया कि तुम लोगों से काम नहीं करवाना है, तुम्हारे स्थान पर दूसरे को कार्य में लिया जा रहा है कहकर काम से भगा दिया गया।

महिलाओं का कहना है कि मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री [illegible] श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती [illegible] श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी [illegible] एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य [illegible] में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित शासन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, बच्चों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं शैक्षणिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा शैक्षणिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित विभिन्न कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU




**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

**न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की**

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480